# भूपेंद्र यादव अलवर की 391 गांवो की पंचायत पर जल्द शुरू करेंगे यात्रा

**खैरथल।** अलवर लोकसभा की मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के गांव सानोली के परशुराम मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल में केन्द्रीय वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शिरकत की और परशुराम मंदिर में निर्मित द्वार व हॉल का उद्धघाटन किया। इससे पूर्व भूपेंद्र यादव का जाट बहरोड के सरपंच प्रतिनिधि अशोक यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

मंदिर कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने परशुराम मंदिर द्वार और हॉल का निर्माण कराने वाले भामाशाहों को धन्यवाद दिया और मंदिर परिसर की चार दीवार कराने की घोषणा करते हुए ग्रामीणों की मांग पर मंदिर से कोलीला जोगा तक सड़क बनाने का आश्वासन दिया और मेले के दौरान



मुंडावर के सानोली में परशुराम मंदिर में नवनिर्मित हाल का फीता काटकर उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ।

आयोजित होने वाले कुश्ती दंगल में पहलवानों के लिए ट्रेनिग सेंटर बनाने और कुश्ती को आगे बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट लेकर जिले में अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 20 हजार बच्चों ने हिस्सा लिया इस खेल उत्सव को हम आगे भी जारी रखेंगे।उन्होंने कहा कि अकेला व्यक्ति बहुत कुछ नहीं कर सकता लेकिन टीम जब उसके साथ लगे

- **लोकसभा की विधानसभा मुंडावर के सानोली गांव में परशुराम मंदिर द्वार का किया उद्घाटन**

तो सब कुछ हो जाता है और में बड़ा सौभाग्यशाली हूं कि एक अच्छी टीम मेरे साथ है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार राजस्थान के विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम करेगी।अलवर लोकसभा क्षेत्र में 391 पंचायतें हैं और इसी महीने से वह चार-चार पंचायतों को मिलाकर एक कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। जिसमे गाँवो के विकास पर और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा अलवर सरस डेयरी के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवा दो सौ करोड़ रुपए का बजट दिया है, जल्द ही नई तकनीकी वाली मशीन लगाई जाएगी। उन्होंने कहा ईआरसीपी योजना का चंबल का पानी जब अलवर में आएगा तो जयसमंद बांध और ढड़ीकर में बड़ा रिजर्व वाटर बांध बनने की तैयारी हो गई है उसे भरकर नीमराना में बड़े रिजर्व वाटर बांध में आएगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, मुंडावर पूर्व विधायक मनजीत चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तर महा सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष दक्षिण अशोक गुप्ता, अंजली यादव, इंदर सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### फागोत्सव का आयोजन आज

**श्रीमाधोपुर।** अग्रवाल समाज समिति,अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल श्रीमाधोपुर द्वारा 12 मार्च को अग्रवाल समाज भवन श्रीमाधोपुर में भव्य फ़ागोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें गायक पवन शर्मा एवं नीमकाथाना गायिका कामिनी शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 मार्च बुधवार को फ़ागोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाबा श्याम के भजनों पर फूलों की होली खेली जाएगी जिसमें श्रीमाधोपुर नगर के सभी अग्रवाल बंधु एवं महिलाएं शामिल होंगी। महिला मंडल की अध्यक्ष कनक गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल समाज समिति द्वारा फ़ागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### रंगीला फाल्गुन महोत्सव 13 को

**नारायणपुर ।** नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बे के रामलीला ग्राउंड में 13 मार्च को रंगीला फाल्गुन महोत्सव एवं श्री श्याम भजनामृत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार विजय बंधन, अशोक कुमार, विष्णु कुमार ब्रजवासी, गुलाब ब्रजवासी, राखी, राधिका और आरती सहित कई भजन कलाकार दिनभर भक्तिमय प्रस्तुति देंगे। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आयकर अपर आयुक्त चंद्रप्रकाश मीणा उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**श्रीमाधोपुर ।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 45 वां शिविर 12 मार्च बुधवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।वे अपने साथ अपना वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### मंदिर से चांदी के 40 छत्र चोरी

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम पंचायत हांसपुर के राजस्व ग्राम खनीपुरा में स्थित ढाणी स्वरूप सिंह वाली निवासी बिरजू सिंह पुत्र फूल सिंह जाति राजपूत ने स्थानीय थाने में एक रिपोर्ट इस आशय की दी है कि सोमवार 10 मार्च को सुबह 6 बजे उनका पुत्र शक्ति सिंह बालाजी मंदिर खानीपुरा में आरती करने गया तो वहां पर मंदिर में चढ़े करीब 40 चांदी के छत्तर नहीं थे, आसपास तलाश करने पर भी चांदी के छत्रों का कोई पता नहीं चला जिससे अंदेशा है कि किसी ने रात्रि में चुरा लिया । बताया गया है कि इसी मंदिर में दो बार पहले भी छत्र चोरी हो चुके बताएं।

### छात्रा इलमा का इंस्पायर अवार्ड में हुआ चयन

**निवाई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा इलमा का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की पांच बालिकाओं ने अपना प्रोजेक्ट तैयार किया जिसमें कक्षा 6 की छात्रा इलमा सुपुत्री मोहम्मद रफीक का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। बालिका ने व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल के निर्देशन में स्पीच सिंथेसाइजर प्रोजेक्ट पर कार्य किया है। उन्होने बताया कि भारत सरकार ने प्रोजेक्ट बनाने के लिए छात्रा के खाते में 10 हजार रूपए डाले हैं।

### शिविर का आयोजन जारी

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन मंगलवार को शिविर का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया।

## डीवाईएसपी ने मंडी परिसर का किया अवलोकन

**निवाई।** कृषि उपज मंडी में इन दिनों जिन्सों की आवक बढने से मंडी परिसर सहित शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। व्यवस्था को सूचारू बनाने के लिए मंगलवार को डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा व थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने मंडी परिसर का अवलोकन किया। डीवाईएसपी मिश्रा ने कृषि मंडी सचिव, व्यापार मंडल के सदस्यों व किसानों से यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के बारे में चर्चा की। व्यापारी की दुकान पर माल उतारने के बाद अपने वाहनों को अन्य स्थान पर व्यवस्थित रूप से खड़ा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सडक मार्ग का भी बाईपास तक अवलोकन किया। इन दिनों कृषि उपज मंडी में विशेषरूप से सरसों की बम्पर आवक हो रही है। जिससे वाहनों की अधिकता के चलते मंडी परिसर व शहर की मुख्य सडकों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

## 'सभी समाज आपस में धार्मिक सौहार्द रखते हुए त्यौहार मनाए'

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड राजन दुष्यंत के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन में संपूर्ण जिले में आगामी त्यौहारों होली, धुलंडी, चेटीचंड, ईदुलफ़ितुर, रामनवमी को देखते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल द्वारा थाना विराटनगर पर सीएलजी, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान ने शांति समिति एवं सीएलजी सदस्यों को सामाजिक सौहार्द के साथ होली मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार धुलंडी एवं जुम्मा एक ही दिन है



पुलिस थाना विराटनगर में सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई।

तो सभी समाज आपस में धार्मिक सौहार्द रखते हुए त्यौहार मनाए। उन्होंने युवाओं को संयम रखकर होली मनाने की बात कही। वहीं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की दृष्टि से सोशल मीडिया पर गलत एवं भ्रामक जानकारी डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शांति समिति एवं सीअलजी के सदस्य अपने क्षेत्र एवं मोहल्ले में जाकर भी बैठक लेवें ताकि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आमजन सोशल मीडिया पर आने वाली गलत एवं भ्रामक जानकारी की सच्चाई परखते हुए अपवाह से बचें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने, मारपीट करने, हिंसा करने सहित अपवाह फैलाने एवं भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ाने, शहर में पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। दौरान बड़ी संख्या में सीएलजी, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क किनारे चौरासी हजार वर्ग फिट जमीन से हटाया अतिक्रमण

**मालपुरा ।** मालपुरा शहर के जयपुर रोड वीर सावरकर सर्किल के पास मुख्य सडक किनारे खसरा नम्बर 1024 की 2 बीघा 17 बिस्वा जमीन पर हुये अतिक्रमणो पर मंगलवार को पालिका प्रशासन का चला पीला पंजा। विरोध कर रही उन महिलाओं को लिया हिरासत मे। एसडीएम व नगरपालिका के कार्यवाहक ईओ अमित चौधरी ने बताया कि जयपुर रोड पर वन विभाग

- **तीन महिलाओं को पुलिस ने लिया हिरासत में**

कार्यालय की चार दिवारी से एमक्योर हॉस्पिटल के सामने तक मुख्य सडक किनारे खसरा नम्बर 1024 की 2 बीघा 17 बिस्वा सरकारी लैण्ड है। जिस पर कई सालो से कुछ लोग अतिक्रमण कर काबिज है। मंगलवार को अतिक्रमण हटाओं अभियान एवं सफाई अभियान चला उक्त सरकारी भूमि से कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाने व सडक किनारे उगे बिलायती बम्बूलो को उखाड अस्थाई रूप से रखी गई केबिनो को हटाने की कार्यवाही की गई। सुबह दस बजे से देर शाम साढे सात बजे तक



पालिका प्रशासन द्वारा जयपुर रोड पर मुख्य सडक किनारे रूई पेंच के पास सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाया ।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रही। पक्के निर्माण तोडने की कार्यवाही का विरोध कर रही महिलाओं ने पालिका के कर्मचारियो व जेसीबी पर पथराव कर कार्यवाही का विरोध किया।

सुचना पर मौके पर पहुंचे एएसआई रामनारायण गुर्जर ने पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुये कालिका पेट्रोलिंग टीम के सहयोग से तीन महिलाओं को हिरासत मे लिया।वही प्रशासन की इस कार्यवाही को लेकर उक्त खसरा नम्बर के पास वर्ष 1936 मे जयपुर रियासत द्वारा नवीन भारत इंडस्ट्रीज के नाम से रूई पेंच के लिये आवंटित भूमि पर कई सालो से किसी प्रकार की कोई व्यवसायिक गतिविधि नही होने व भारत इंडस्ट्रीज यूं कहे की रूई पेंच बंद पडा है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार पवन मातवा व पालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट भी मौके पर मौजूद रहै।

## सांभर में नंदीकेश्वर का मेला धार्मिक आस्था का केंद्र

**सांभरझील।** सांभर प्राचीन नगरी में कई शताब्दियों से नंदीकेश्वर की सवारी प्रमुख धार्मिक आस्था का केंद्र है। नंदीकेश्वर की सवारी होली के दूसरे रोज धूलंडी पर भगवान सूर्य देव मंदिर के सामने स्थित स्थल से विधिवत पूजा अर्चना के बाद दोपहर को रवाना होती है। भगवान शिव के प्रतीक के रूप में नंदीकेश्वर की सवारी का लोग दर्शन करते हैं, बल्कि चरण स्पर्श कर उनसे अपने परिवार की कामना भी करते हैं। धूलंडी से पहले नगर पालिका चौक तक नंदीकेश्वर की सवारी को परंपरागत तरीके से निकाला जाता है, इसके बाद से ही यहां अनेक तरह के धार्मिक आयोजनों का दौर भी शुरू हो जाता है। करीब 15 दिनों तक लगातार इस उत्सव को मनाने के लिए सांभर के अनेक गली मोहल्ले में ढोल और चंग की थाप पर परंपरागत लावण्या गाई जाती है। बच्चे और युवा यहां तक की बुजुर्ग भी ढोल और चंग की थाप पर नाचने गाने से गुरेज नहीं करते हैं। धूलंडी के दिन रंग से होली खेलने के बाद लोग स्नान करते हैं और उसके बाद दोपहर को नंदीकेश्वर की सवारी में शरीक होकर पुष्प और गुलाल की होली से धूमधाम के साथ मनाते हैं और एक दूसरे के गले मिल नांदिया बाबा की जयकारे के साथ उद्घोष भी करते हैं। नंदीकेश्वर की सवारी का रूप धारण करने वाले भगवान शिव के भक्त विजय व्यास और नंदीकेश्वर मेला कमेटी की तमाम पदाधिकारी इससे पहले महाभारत काल के समय से स्थापित देवयानी सरोवर स्थित भगवान जागेश्वर दरबार में शिवलिंग की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और नगर की खुशी और तरक्की के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं।

नंदीकेश्वर की सवारी का सबसे भव्य आयोजन पुरानी धान मंडी स्थित रामलीला रंगमंच के पास विशाल स्टेज लगाकर हजारों की संख्या में लोग नंदकेश्वर के नृत्य और शिव की भावपूर्ण मुद्रा को देखने के लिए लालायित रहते हैं। नंदीकेश्वर की सवारी का सबसे रोचक पहलू यहां की लंबी गली से निकलने के दौरान होता है, इसके खास दृश्य को देखने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी मात्रा में पुलिस जाता मेला शुरू होने से लेकर संपन्न होने तक कायम रहता है। जानकारों का कहना है कि यह परम्परा चौहान शासक गोगराज के समय से प्रारंभ होने का प्रमाण जयपुर में स्थित म्यूज़ियम में धरोवर के रूप में रखी गई हस्तलिखित पुस्तक चौहानो के राजवंश नामक पुस्तक में विस्तार से इसका वर्णन बताया गया है।

## फेक न्यूज़ की प्रभावी मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई करें : ए. डी. एम.

**अलवर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय स्थित एडीएम प्रथम के कक्ष में मीडिया अधिप्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि में भी समिति द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित फेक न्यूज एवं संवेदनशील समाचारों (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया) पर सतत निगरानी की जानी है। उन्होंने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया की पालना करते हुए गैर चुनाव अवधि के दौरान फेक न्यूज़ की प्रभावी मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार के संवेदनशील एवं भ्रामक न्यूज़ संज्ञान में आते ही, त्वरित रूप से उसे समिति



मीडिया अधिप्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक लेते अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल ।

के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि समय रहते हुए फेक न्यूज़ का फैक्ट चेक कर सही जानकारी प्रसारित एवं प्रचारित करवाई जा सके।

उन्होंने कहा कि मीडिया जनमानस तक अपनी बात पहुंचाने का एक मजबूत माध्यम है, इसलिए इसका दुरुपयोग भी उतना ही आसान है, आम मतदाता तक सटीक जानकारी पहुंचे, इसके लिए समिति को सक्रियता से फेक, भ्रामक व संवेदनशील न्यूज़ पर न केवल अनवरत निगरानी रखें बल्कि

- **अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित एडीएम प्रथम के कक्ष में मीडिया अधिप्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की**

त्वरित फैक्ट चेक भी किया जावे।

बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चन्द शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार, सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कांवत, एसीपी नीतू बसवाल, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी छगनलाल यादव, निर्वाचन शाखा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी तेजपाल यादव मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया

**शाहपुरा।** सामूहिक विवाह सम्मेलन का युवक - युवती परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस दौरान समिति के मुख्य संरक्षक बद्री प्रसाद सैनी पूर्व अध्यक्ष व निदेशक कैलाश चंद सैनी गुरुग्राम हरियाणा के कर कमलों द्वारा सामूहिक विवाह के पोस्टर व बैनर का विमोचन किया गया। विवाह समिति ने सामूहिक सम्मेलन आयोजिकों द्वारा चतुर्थ विवाह सम्मेलन को लेकर गांव - गांव जाकर किए जा रहे प्रचार प्रसार की समीक्षा की गई। 30 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में भामाशाह ओमप्रकाश सैनी ढाणी पोखर वाली नायन ने संपूर्ण आटा देने की घोषणा की। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समिति के पदाधिकारी एवं उपस्थित समाज बंधुओ द्वारा कार्यभार के कार्य का विभाजन किया गया। विवाह समिति आयोजको के मध्य विचार विमर्श कर वर वधु को दिए जाने वाले उपहारों के बारे में चर्चा की गई और तृतीय सामूहिक सम्मेलन से अच्छी गुणवत्ता वाले उपहार क्रय करने के लिए निर्णय लिया गया।

## सार-समाचार

### फागोत्सव की मच रही धूम



**फुलेरा।** कस्बे में फाल्गुन मास के चलते में इन दिनों जगह-जगह पर फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में क्षेत्र के श्रीरामनगर स्थित कुमावत समाज की बगीची में श्री क्षित्रय कुमावत समाज विकास समिति के तत्वावधान में मंगलवार को फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला मण्डल एवं गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की अनुपम प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान उक्त भजनों को सुनकर उपस्थित भक्तगण झूम उठे। जबकि इसके पूर्व बाबा श्याम का पुष्प मालाओं से श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद, किशन लाल, दामोदर कुमावत, मनोहर लाल, रूपकुमार, बसंत कुमार, महेश चन्द, पूनम कुमावत, भगवान सहाय, महेश भोड़ीवाल, मदन लाल, मूलचन्द, गुलाब चन्द, भंवर लाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर समाजसेवी मुकुट सोनी द्वारा भी फागोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ने एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर और फूलों से होली खेली। इसके अलावा क्षेत्र के गोरधनपुरा में धर्मप्रेमी पूरण सैनी के द्वारा फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छगन लाल, राधा देवी, योगेश बड़ीवाल, राहुल, ऋषिका, रितिका आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि इसके अलावा वहीं क्षेत्र में प्रतिदिन शाम से लेकर देर रात तक धर्मप्रेमियों द्वारा चंग की थाप पर होली के लोकप्रिय गीतों की तर्ज पर बाबा श्याम, माता एवं हनुमान जी आदि के गीत गाकर अपनी संस्कृति को बरकरार रखते हुए आगे आने वाली पीढ़ी को इस ओर प्रेरित कर रहे हैं।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**पावटा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पावटा पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी सुशीला यादव की अध्यक्षता व निर्देशन में तीन दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। पावटा पंचायत समिति सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में विकास अधिकारी सुशीला यादव ने राज्य व केंद्र सरकार की सतत विकास की योजनाओं की यथा गरीबी मुक्त एवं आजीविका युक्त पंचायत, संपत्ति का अधिकार व सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों पहलुओं की विस्तृत जानकारी एवं समझ को सार्वजनिक जीवन में अपना कर सभी आमजन को जानकारी उपलब्ध करवाना एवं योजनाओं का अंतिम छोर के पात्र व्यक्ति को लाभ मिल सके व जीवन में उपयोग लिया जा सके संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव के द्वारा महिला एवं बाल हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक लेखाधिकारी द्वितीय अशोक कुमार, फूलाराम यादव, वरिष्ठ सहायक साधुराम जाट, सुमन शर्मा, सुपरवाइजर अंजू सैनी द्वारा बिंदुवार विषयों पर चर्चा कर जानकारी दी गई। इस अवसर पर गिरिराज मौर्य, अमित धानका, संजीव आर्य, महिपाल यादव, राहुल जाटव, भगवान सहाय, केसाराम, रामकृष्ण, ओमप्रकाश गौतम, सतीश, विकास, योगेश, सोनू सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### नरेन्द्र महर्षि को सम्मानित किया

**पावटा।** निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाडा, राजस्थान द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार एवं समिति की गतिविधियों में प्रशंसनीय, व अनुकरणीय योगदान के लिए रामपुरा-पावटा निवासी युवा विद्वान् नरेन्द्र महर्षि प्राध्यापक व्याकरण शास्त्र, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, हमीरगढ़ को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, जयपुर में महन्त मोहनशरण शास्त्री, निम्बार्क आश्रम, भीलवाड़ा के आशीर्वाद, डॉ.कृष्णाकान्त पाठक प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार के मुख्यातिथ्य, शासनसचिव, संस्कृतशिक्षा विभाग राजस्थान विश्राम मीणा की अध्यक्षता, पूर्व शासन सचिव संस्कृत शिक्षा विभाग राज. डॉ. मोहन लाल यादव, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी उदयपुर ज्ञानदेव विश्वकर्मा, आईएएस. मातादीन शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष संस्कृत भारती जयपुर हरिशंकर भारद्वाज, अतिरिक्त जिला कलक्टर केकड़ी चन्द्रशेखर भण्डारी, उपखण्ड अधिकारी कनवास, कोटा रामावतार बरनाला, उपशासन सचिव, शान्ति व अहिंसा विभाग राज. विनोद कुमार जांगिड़ आदि अतिथियों के द्वारा राज्य स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में राज्य स्तरीय निम्बार्क वैदिक संस्कृत रत्न सम्मान से स्मृति चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया । महर्षि ने समिति सदस्यों का आभार प्रकट किया।

### मासिक बैठक आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा भवन परिसर के सभागार में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक में आर.जी.एच.एस. योजना में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों से सम्पर्क कर निराकरण की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान शक्ति सिंह ने बताया कि कई पेंशनर साथियों की पेंशन में से कटौती की गई है। अत: उन्हें अपने पैन कार्ड को पेंशन पोर्टल पर अपडेट करवाने पर ही कटौती बन्द होगी तथा बकाया ऐरियर भी मिल जायेगा। इस अवसर पर विमल शर्मा, इकरामुद्दीन कुरेशी, रमेश गोठवाल, राजेन्द्र सिंह चौधरी, प्रभुदयाल कुमावत, भंवर लाल, रामगोपाल वर्मा, शीला वायलेट, सिलविया, नीरज तिवाड़ी, जगदीश, नाथू लाल मावर, मदन मेहरा, रामअवतार गुप्ता, नन्द किशोर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, राजेन्द्र कुमार, मांगीलाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### टीबी रोग की जानकारी दी

**टोंक।** जिला टोंक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में विभिन्न गतिविधियों से आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों व स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेकर नि:क्षय पोषण मित्र बनाने व नि:क्षय मित्र के द्वारा पोषण किट वितरण जैसी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के अन्तर्गत ब्लॉक निवाई के ग्राम राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोतीपुरा बनस्थली तृतीय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्कुली विधार्थियो को टीबी रोग से जागरूक करने हेतु टीबी रोग के बचाव निदान व उपचार के बारे में जानकरी दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शंकर कुमावत, अध्यापक शाहरुख खान, ए एन एम शालू सिंह और खुशबू सेन आशा सहयोगिनी चंपा कुमावत उपस्थित रहे।

### किसानों का हुआ पंजीयन

**निवाई।** ग्राम पंचायत पलेई में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन हुआ। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि पलेई में राज्य सरकार के निर्देशनुसार किसान हित में चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर 12 मार्च तक संचालित होगा। शिविर में पीएम किसान योजना के लाभार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में 50 प्रतिशत किसानों का पंजीयन किया गया है जिसमें पलेई ग्राम पंचायत सहित अन्य ग्राम पंचायतों के किसानों ने बढ़ चढक़र कर भाग लिया और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। किसानों को सभी योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे मिला रहा है। जिससे किसानों में खुशी के लहर है। शिविर में गिरदावर मुकेश चौधरी, पटवारी वीरेंद्र गुर्जर, पटवारी मानसिंह, पटवारी देवकीनंदन यादव, केवलराम मीणा, किसान महापचायत के ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी, मंजू देवी गुर्जर, गोपाल सैनी व ग्राम सेवक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### फागोत्सव का आयोजन

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम आंतेला स्थित श्री कनक बिहारी कनक भवन श्री बाबा भरतदास महाराज के श्री सीताराम मंदिर में महंत श्री श्री 108 मंगलदास जी महाराज के सानिध्य में श्री फाल्गुन शुक्ल ग्यारस के अवसर पर फाग महोत्सव मनाया गया। महंत श्री श्री 108 मंगलदास जी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री सीताराम भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर तत्पश्चात होली के गीतों पर झूमते हुए भक्तों ने फूलों एवं गुलाल से होली खेलकर फाग महोत्सव मनाया। सभी श्रद्धालुओं ने आपस में गले लगकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी।